# 2023 नए निवासियों के रहने की आवश्यकता के सर्वेक्षण की सारांश रिपोर्ट

डिपार्टमेंट ऑफ़ हाउसहोल्ड रजिस्ट्रेशन (घरेलू पंजीकरण विभाग), एम.ओ.आई. और नेशनल इम्मिग्रेशन एजेंसी (आप्रवासन एजेंसी) के आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 के अंत तक, चीन गणराज्य (ताइवान) में नए निवासियों की संख्या लगभग 600,000 तक पहुंच गई थी, उनके बच्चों की संख्या 470,000 से अधिक थी। इसलिए, सरकार ने ताइवान में नए निवासियों की जीवन स्थितियों को समझने के लिए 2003 में न्यू रेज़िडेंटस लिविंग नीडस सर्वे (नए निवासियों के रहने की ज़रूरतों का सर्वेक्षण) शुरू किया। तब से सर्वेक्षण हर पांच साल में किया जाता है, और यह पांचवां सर्वेक्षण है। इस सर्वेक्षण में ताइवान-फुज़ियान क्षेत्र की सभी नगर पालिकाओं और काउंटियों (शहरों) को शामिल किया गया, जिसमें वैध एलियन रेज़िडेंस परमिट (विदेशी निवास परमिट), परमानेंट रेज़िडेंस परमिट (स्थायी निवास परमिट) रखने वाले विदेशी पति/ पत्नी, विदेश से आ कर आर.ओ.सी (ताइवान) में बस कर राष्ट्रीयता प्राप्त करने वाले विदेशी पति/ पत्नी और हांगकांग, मकाऊ तथा मेनलैंड चीन के पति/ पत्नी जो ताइवान में रहते, बसते या घरेलू पंजीकरण रखते हैं उन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सर्वेक्षण में उन नए निवासियों को शामिल नहीं किया गया जो दो साल से अधिक समय से विदेश में थे। जून से अक्टूबर 2023 तक, आमने-सामने इंटरव्यू (साक्षात्कार) आयोजित किए गए, जिसमें ताइवान में 10,430 नए निवासियों का सफलतापूर्वक सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण ने नए निवासियों के पारिवारिक जीवन और कार्य स्थितियों पर डेटा (जानकारी) को एकत्र किया, जो सरकार की नीतियों और सेवाओं के लिए एक संदर्भ के रूप में काम करता है, और इसका लक्ष्य ताइवान में सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुकूल आप्रवासी वातावरण को बढ़ावा देना है। इस सर्वेक्षण के 10,430 वैध नमूनों से मुख्य निष्कर्षों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है।

## I. नए निवासियों का प्रोफ़ाइल (ब्यौरा)

### 1. बुनियादी जानकारी

इस सर्वेक्षण में, नए निवासियों में अधिकांश महिलाएं हैं, जिनकी संख्या 91.2% है, पुरुष निवासियों में वृद्धि का रुझान है। आयु संरचना मुख्य रूप से 35-54 वर्ष के बीच है, जिनमे से 41.1% 35-44 आयु वर्ग के हैं, और 35.2% 45-54 आयु वर्ग के हैं। उनके मूल स्थानों को देखते हुए, 48.8% अन्य देशों से आए पति/ पत्नी हैं, और 51.2% मुख्यभूमि (मेनलैंड) चीन, हांगकांग और मकाऊ से आए पति/ पत्नी हैं। ताइवान आने से पहले अधिकांश नए निवासियों ने हाई स्कूल (व्यावसायिक) शिक्षा प्राप्त की थी तथा हाई स्कूल (व्यावसायिक) और उससे अधिक शिक्षा प्राप्त करने वालों का अनुपात 2008 के सर्वेक्षण में 34.7% से बढ़कर 53.5% हो गया है।

### 2. ताइवान में निवास और विवाह की स्थिति

इस सर्वेक्षण में, ताइवान में 10 वर्षों से अधिक समय से रहने वाले नए निवासियों का अनुपात 2018 सर्वेक्षण में 64.6% (उस वर्ष 18,260 वैध सैम्पल्स थे) से बढ़कर 75.9% हो गया। लगभग 40%, 20 वर्षों से अधिक समय से ताइवान में रह रहे हैं। दोनों ही, अन्य देशों से आए पति/ पत्नी

तथा मुख्यभूमि चीन, हांगकांग और मकाऊ से आए पति/ पत्नी में से 70% से अधिक ने चीन गणराज्य (ताइवान) का राष्ट्रीय पहचान पत्र प्राप्त कर लिया है।

सर्वेक्षण से पता चलता है कि 31.8% विवाह जो दो अलग देशों के लोगों के बीच हुए हैं, उनकी पेशकश उनके मूल स्थान के रिश्तेदारों या दोस्तों ने की थी, और 22.4% काम के माध्यम से मिले थे। जो लोग 15 वर्षों से अधिक समय से ताइवान में हैं, उनमें से 20% से अधिक लोग विवाह मिलान (मैच मेकिंग) सेवाओं के माध्यम से मिले थे, जबकि जो लोग 15 वर्षों से कम समय से ताइवान में हैं और इन सेवाओं का उपयोग करते हैं उनका अनुपात 10% से नीचे गिर गया है, जबकि रिश्तेदारों और दोस्तों द्वारा परिचय कराया जाना (लगभग 50%) और कार्य संबंध (लगभग 30%) आम होते जा रहे हैं। जो लोग ताइवान में पांच साल से कम समय से हैं, उनकी मुलाकात स्कूल, यात्रा के दौरान या ऑनलाइन माध्यम से होने की अधिक संभावना है। नए निवासियों में, 42.9% 20 साल से अधिक समय से शादीशुदा हैं, 37.1% 10 साल से लेकर 20 साल से कम समय से शादीशुदा हैं, और 20.0% 10 साल से कम समय से शादीशुदा हैं। इनमें से 88.0% अभी भी शादीशुदा हैं, जबकि 4.3% का तलाक हो चुका है।

## II. ताइवान में जीवन का अवलोकन

इस सर्वेक्षण में, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा दर नए निवासियों के बीच सबसे अधिक है, जिसमें प्रत्येक 100 में से 98 का बीमा है। इसके अतिरिक्त, 74% के पास कई प्रकार के रोजगार बीमा हैं (श्रम बीमा, किसान बीमा, सार्वजनिक बीमा आदि सहित)। नए निवासियों के बीच मोटरसाइकिल लाइसेंस अपेक्षाकृत आम बात है, प्रत्येक 100 में से 63 के पास एक लाइसेंस है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक 100 नए निवासियों में से 43 के पास कार चालक लाइसेंस है, जो 2008 के सर्वेक्षण की तुलना में काफी अधिक है, जहाँ प्रत्येक 100 में से 32 के पास मोटरसाइकिल लाइसेंस था और प्रत्येक 100 में से 14 के पास कार लाइसेंस था। इसके अलावा, तकनीशियन लाइसेंस रखने वालों का अनुपात 2018 के सर्वेक्षण में 6.1% से बढ़कर 8.7% हो गया है, जो ड्राइविंग पाठ्यक्रमों और तकनीकी लाइसेंसिंग प्रोग्रामों के माध्यम से नए निवासियों का मार्गदर्शन करने में सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

## III. श्रम स्थितियां

### 1. श्रम भागीदारी और संरक्षण

इस सर्वेक्षण में, नए निवासियों की श्रम बल भागीदारी दर 75.0% तक पहुंच गई, जो पिछले पांच वर्षों में सामान्य आबादी की औसत श्रम भागीदारी दर (59.02% ~ 59.22%) से अधिक है।

श्रम बीमा, रोजगार बीमा का सबसे आम प्रकार है, जिसमें प्रत्येक 100 नए निवासियों में से 59 को कवर किया गया है। श्रम बीमा कवरेज दर 2008 में 16% से बढ़कर 2013 में 30% और 2018 में 50% हो गई है, जो अब 60% के करीब है, जो नए निवासियों के लिए श्रम सुरक्षा में महत्वपूर्ण सुधार दर्शाता है।

## 2. रोजगार की स्थिति

अधिकतर नियोजित नए निवासी विनिर्माण (30.3%) और आवास और खाद्य सेवाओं (21.8%) में काम करते हैं। रोज़गार के संदर्भ में, सेवा और बिक्री पद (37.8%) और प्राथमिक तकनीकी और श्रम नौकरियाँ (26.9%) सबसे आम हैं। अधिकांश निवासी निजी कंपनियों (74.8%) में काम करते हैं, जबकि स्वरोजगार के प्रति रुझान बढ़ रहा है, जो 18.5% है। नौकरीपेशा निवासियों में फुल-टाइम कार्य (84.3%) सबसे आम है, जबकि पार्ट-टाइम कार्य 15.7% है।

## 3. नौकरी से संतुष्टि और काम की कठिनाइयाँ

94.8% नियोजित नये निवासी अपनी वर्तमान नौकरी से संतुष्ट हैं, जबकि केवल 5.2% असंतुष्ट हैं। 74.9% नए नियोजित निवासियों ने ताइवान में काम में कोई कठिनाई नहीं होने की बात कही। जिन लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उनके लिए मुख्य मुद्दे वेतन या लाभ अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं होना (प्रत्येक 100 में से 8) और कमजोर चीनी भाषा साक्षरता और लेखन कौशल (प्रत्येक 100 में से 5) थे।

नौकरी में लगे नए निवासियों में से 85.8% ने नौकरी ढूंढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होने के बारे में बताया (जिनमें 9.8% ऐसे लोग शामिल हैं जिन्हे नौकरी ढूंढ़ने का कोई अनुभव नहीं था और 76.0% ऐसे लोग हैं जिनके पास नौकरी ढूंढ़ने का अनुभव था लेकिन उन्हें नौकरी ढूंढ़ने में कोई कठिनाई नहीं हुई)। जिन लोगों को संघर्ष करना पड़ा, उनकी मुख्य चुनौतियाँ थी कमजोर चीनी भाषा साक्षरता और लेखन कौशल (प्रत्येक 100 में से 30), चीनी भाषा में खराब संचार कौशल (प्रत्येक 100 में से 26), रोजगार में भेदभाव (जैसे लिंग, भाषा, नस्ल, जन्म स्थान, विकलांगता, आदि) (प्रत्येक 100 में से 24), और उनकी विशेषज्ञता से मेल खाने वाली नौकरियां ढूंढने में कठिनाई (प्रत्येक 100 में से 23)।

## 4. रोजगार सेवाएँ और प्रशिक्षण आवश्यकताएँ

नए निवासी मुख्य रूप से ताइवान में रिश्तेदारों और दोस्तों (जीवनसाथियों सहित) (प्रत्येक 100 में से 34), ताइवान में होमटाउन के दोस्तों और रिश्तेदारों (प्रत्येक 100 में से 23), स्व-रोजगार (प्रत्येक 100 में से 14) और निजी रोजगार एजेंसियों (प्रत्येक 100 में से 12) की अनुशंसाओं के माध्यम से नौकरी पाते हैं। नौकरी खोजने की प्रक्रिया उनके आसपास के व्यवसायों से निकटता से जुड़ी हुई है। रोजगार सेवाओं के संबंध में, नए निवासियों को मुख्य रूप से "व्यावसायिक प्रशिक्षण में मुफ्त भागीदारी" और "व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान भत्ते" की आवश्यकता होती है।

## 5. उद्यमशील इरादे और सहायता आवश्यकताएँ

15.4% नए निवासी वर्तमान में नियोक्ता हैं या स्व-रोजगार में लगे हैं, तथा 14.2% भविष्य में उद्यमशीलता की मंशा रखते हैं। उद्यमिता या व्यवसाय संचालन की तैयारी के दौरान, 44.0% को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिसका मुख्य कारण अपर्याप्त धन या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई (प्रत्येक 100 में से 24), आर्थिक उतार-चढ़ाव (प्रत्येक 100 में से 16), भयंकर बाजार

प्रतिस्पर्धा (प्रत्येक 100 में से 14) और अपर्याप्त विपणन (प्रत्येक 100 में से 12) था। उद्यमिता के लिए सरकारी सहायता के सर्वाधिक वांछित रूपों में उद्यमशीलता ऋण सब्सिडी (प्रत्येक 100 में से 35) और उद्यमशीलता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (प्रत्येक 100 में से 28) शामिल हैं।

# IV. पारिवारिक स्थिति और बच्चों का पालन-पोषण

## 1. ताइवानी जीवनसाथियों (नागरिकों) का प्रोफ़ाइल

लगभग 78% ताइवानी जीवनसाथी (नागरिक) पहली बार विवाहित हैं, तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और मुख्यभूमि चीन के ताइवानी जीवनसाथी (नागरिक) की पुनर्विवाह दर 20% से अधिक है। ताइवान के 80% पति-पत्नी (नागरिक) मुख्य रूप से विनिर्माण (29.5%), निर्माण इंजीनियरिंग (12.9%), और थोक और खुदरा (12.9%) में कार्यरत हैं। व्यवसाय के संदर्भ में, वे मुख्य रूप से कुशल व्यापार, यांत्रिक उपकरण संचालन और असेंबली (43.4%) में काम करते हैं। उनमें से अधिकांश "30,000 से 50,000 TWD" की मासिक आय अर्जित करते हैं, जिनकी औसत मासिक आय लगभग 44,207 TWD है।

## 2. पारिवारिक सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि

नए निवासियों की पारिवारिक संरचना मुख्य रूप से एकल परिवार वाली है, उसके बाद विस्तारित परिवार हैं। 2013 और 2018 के सर्वेक्षणों की तुलना में एकल परिवारों का अनुपात बढ़ा है। औसत मासिक पारिवारिक आय 62,150 TWD है, हालांकि यह सामान्य परिवारों की औसत मासिक आय 117,250 TWD से कम है। हालांकि, 2018 के सर्वेक्षण की तुलना में इसमें 18.21% की वृद्धि हुई है, जो सामान्य परिवारों की 7.37% की तुलना में अधिक वृद्धि दर है। 60,000 TWD से अधिक आय स्तर वाले परिवारों का अनुपात भी काफी बढ़ गया है।

## 3. बच्चे के पालन-पोषण की स्थिति

इस सर्वेक्षण में पाया गया कि 88.7% नए निवासियों के बच्चे हैं, जिनमें से ज्दायातर के दो बच्चे हैं, अर्थात औसतन 1.60 बच्चे हैं। बिना बच्चों वाले लोगों का अनुपात धीरे-धीरे कम हुआ है, और बच्चों की औसत संख्या में वृद्धि देखी गई है। सर्वेक्षण में 17,222 नए निवासी बच्चों के बारे में डेटा एकत्र किया गया। डेटा से पता चलता है कि इनमें से 87% बच्चे ताइवान के दीर्घकालिक निवासी हैं। वर्तमान में, लगभग 30% नए निवासी बच्चे प्रीस्कूल या एलीमेंट्री एजुकेशन सिस्टम में हैं। आधे से अधिक बच्चे 16 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जो श्रम बाजार में प्रवेश करने की तैयारी कर रहे हैं या पहले ही प्रवेश कर चुके हैं। 43.1% नए निवासी उच्च शिक्षा स्तर और ताइवान में कम समय तक रहने के साथ-साथ अंतर-राष्ट्रीय रोजगार के लिए उच्च समर्थन दर के साथ सहसंबंधिता रखते हुए अपने बच्चों को रोजगार के लिए उनके मूल स्थान पर लौटने का समर्थन करते हैं।

# V. जीवन के प्रति अनुकूलन और सामाजिक भागीदारी

## 1. चीनी भाषा दक्षता

नये निवासियों की चीनी भाषा सुनने और बोलने की क्षमता उनकी पढ़ने और लिखने की क्षमता से अधिक मजबूत है। 86.7% और 84.5% नये निवासी अपनी सुनने और बोलने की क्षमता को अच्छा मानते हैं, जबकि 52.2% और 40.4% अपनी पढ़ने और लिखने की क्षमता को अच्छा मानते हैं। आयु बढ़ने और ताइवान में लंबे समय तक रहने के साथ सुनने और बोलने की क्षमता में सुधार होता है, जिससे पढ़ने और लिखने के कौशल की कमी दूर होती है। दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली प्राथमिक भाषा चीनी है, उसके बाद मूल स्थानीय भाषा (प्रत्येक 100 में से 24 द्वारा उपयोग की जाती है) है।

## 2. सामाजिक भागीदारी का अवलोकन

पिछले वर्ष 31.5% नए निवासियों ने सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया, जबकि अवकाश और धार्मिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दर अधिक थी। उनमें से 28.3% नए निवासी आयोजन गतिविधियों में शामिल थे। गतिविधियों में भाग न लेने के मुख्य कारणों में काम या पढ़ाई में व्यस्त होना (प्रत्येक 100 में से 56), रुचि की कमी (प्रत्येक 100 में से 41), और परिवार के सदस्यों की देखभाल की आवश्यकता (प्रत्येक 100 में से 32) शामिल हैं।

## 3. ताइवान में जीवन की कठिनाइयाँ और सामाजिक सहायता चैनल

ताइवान में नए निवासियों को व्यक्तिगत जीवन, अधिकारों, परिवार, पारस्परिक संबंधों और पर्यावरण से जुड़ी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्य कठिनाइयों में आर्थिक समस्याएं (प्रत्येक 100 में से 20), व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं (प्रत्येक 100 में से 8) और काम से जुड़ी समस्याएं (प्रत्येक 100 में से 5) शामिल हैं।

दैनिक जीवन, अधिकारों या व्यक्तिगत सुरक्षा में कठिनाइयों का सामना करते समय, नए निवासियों के लिए मुख्य सहायता चैनल उनके जीवनसाथी, ताइवानी या होमटाउन मित्र और रिश्तेदार होते हैं। पुलिस स्टेशन, स्थानीय सरकारी कार्यालय, ग्राम प्रधान, घरेलू हिंसा रोकथाम केंद्र, 113 सुरक्षा हॉटलाइन और नए निवासी परिवार सेवा केंद्र जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को भी कुछ हद तक प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे नए निवासी ताइवान में लंबे समय तक रहते हैं, जीवनसाथी और जीवनसाथी के माता-पिता पर उनकी निर्भरता कम होती जाती है, जबकि बच्चों पर उनकी निर्भरता बढ़ती जाती है।

## 4. सूचना स्रोत चैनल

सरकारी देखभाल और सेवा उपायों के बारे में सूचना प्राप्त करने के मुख्य चैनल हैं "रिश्तेदारों और मित्रों द्वारा अधिसूचना" (प्रत्येक 100 में से 57), "ऑनलाइन सर्च" (प्रत्येक 100 में से 37), और "टीवी प्रोग्राम इंट्रोडक्शन" (प्रत्येक 100 में से 36), जो सूचना के प्रसार में पारस्परिक नेटवर्क के महत्व को दर्शाते हैं।.

### 5. ताइवान में खुशहाली सूचकांक

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे हाल ही में खुश हैं, तो 92.1% नए निवासियों ने कहा कि वे खुश हैं, जबकि 7.9% ने कहा कि वे नाखुश हैं। उच्च शिक्षा स्तर और पारिवारिक आय के साथ खुश रहने वालों का अनुपात बढ़ा है। हालाँकि, 55 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में 55 वर्ष से कम आयु के लोगों की तुलना में नाखुशी की दर अधिक है, जो संभवतः उनके स्वयं के या उनके जीवनसाथी के स्वास्थ्य और बुढ़ापे में वित्तीय सुरक्षा के बारे में चिंताओं से संबंधित है।

## VI. विभिन्न देखभाल सेवा उपायों की मांग

### 1. देखभाल सेवा उपायों में भागीदारी

63.9% नए निवासियों ने नए निवासी देखभाल सेवा उपायों में भाग लिया है, जिनमें सबसे आम "मोटरसाइकिल और कार ड्राइविंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम" (प्रत्येक 100 में से 44) और "वयस्क बुनियादी शिक्षा और साक्षरता कक्षाओं" (प्रत्येक 100 में से 14) में भागीदारी है।

37.1% ने भाग नहीं लिया, जिसके मुख्य कारण - काम (प्राथमिकता 42.4), परिवार/बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियां (प्राथमिकता 30.5), रुचि की कमी (प्राथमिकता 26.5) और घरेलू काम (प्राथमिकता 21.7) थे।

### 2. पाठ्यक्रम और सेवा आवश्यकताएं

कुल मिलाकर, जीवन-संबंधी पाठ्यक्रमों की सबसे अधिक मांग "चिकित्सा देखभाल कौशल", "भाषा प्रशिक्षण और साक्षरता शिक्षा" और "स्वास्थ्य देखभाल ज्ञान" के लिए है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में, सबसे अधिक मांग "चिकित्सा सब्सिडी प्रदान करने", "चिकित्सा विजिट के दौरान संचार में सहायता करने", "संक्रामक रोगों और बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने" और "बच्चों की स्वास्थ्य जांच प्रदान करने" की है। जीवन देखभाल सेवाओं के लिए, सबसे अधिक मांग "रोजगार अधिकारों की सुरक्षा", "जीवन सहायता उपाय प्रदान करने" और "बच्चों की शिक्षा में सहायता करने" की है। इसके अतिरिक्त, सर्वेक्षण से पता चलता है कि नए निवासी जितने लंबे समय तक ताइवान में रहते हैं, उनकी "दीर्घकालिक देखभाल सेवाएँ और जानकारी प्रदान करने" की मांग उतनी ही अधिक होती है। जो लोग पाँच वर्ष से कम समय से ताइवान में हैं, उनकी "रोजगार अधिकारों की रक्षा", "बच्चों की शिक्षा में सहायता", "अधिक नए निवासी परामर्श सेवा केंद्र स्थापित करने" और "बच्चों की देखभाल में सहायता" की मांग अधिक है।

## VII. 50 वर्ष से अधिक आयु के नए निवासियों का जीवन

### 1.बुज़ुर्ग जीवन के बारे में चिंताएँ और परेशानियाँ

50 वर्ष से अधिक आयु के नए निवासियों की मुख्य चिंताएँ "उनका अपना स्वास्थ्य" (60.4%), "जीवनसाथी का स्वास्थ्य" (39.8%), और "आर्थिक स्रोत" (34.5%) हैं। इन मुद्दों के बारे में चिंतित लोगों का अनुपात उम्र के साथ बढ़ता जाता है। अपने या अपने जीवनसाथी के माता-पिता की

देखभाल के बारे में चिंतित लोगों में से 98.2% नए निवासियों के माता-पिता अपने मूल स्थान पर ही रहते हैं, जहां लंबी दूरी से देखभाल अन्य चुनौतियों की तुलना में अधिक कठिन है।

## 2. सेवानिवृत्ति स्थान और जीवन व्यवस्था पर विचार

50 वर्ष से अधिक आयु के 77.3% नए निवासी ताइवान में सेवानिवृत्त होना चाहते हैं, 7.1% अपने मूल स्थान पर लौटना चाहते हैं, तथा 15.6% अनिर्णीत हैं। यदि वे ताइवान में सेवानिवृत्त होना चुनते हैं, तो सबसे अधिक आवश्यक सहायता में "दीर्घकालिक देखभाल सेवाएं और संबंधित सूचना प्रदान करना" (56.0%), "मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्गों के लिए रोजगार सहायता प्रदान करना" (18.6%), और "कानूनी परामर्श प्रदान करना" (10.1%) शामिल हैं।

## 3. ताइवान में रहन-सहन परिवेश के बारे में समग्र भावना

जब उनसे पहली बार शादी करके ताइवान आने के समय से लेकर आज तक ताइवान में रहने के माहौल में आए बदलाव के बारे में पूछा गया, तो 50 वर्ष से अधिक आयु के 50% से अधिक नए निवासियों को लगता है कि "नए निवासियों के प्रति ताइवानी समाज के रवैये," "नए निवासियों के प्रति ताइवानी कार्य वातावरण की मित्रता," और "ताइवान की सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी उपायों द्वारा नए निवासियों की देखभाल और सुरक्षा" सभी में सुधार हुआ है, जबकि 40% से अधिक लोगों को लगता है कि यह पहले जैसा ही रहा है। "ताइवान में नए निवासियों के अधिकारों" के बारे में, 46.0% लोगों को लगता है कि इसमें सुधार हुआ है, और 51.2% लोगों को लगता है कि यह पहले जैसा ही रहा है। जो लोग मानते हैं कि किसी भी पहलू में गिरावट आई है उनका अनुपात 4% से कम है, जो दर्शाता है कि नए निवासियों के लिए सरकार की नीतियां प्रभावी रही हैं। हालाँकि, दीर्घकालिक बड़े डेटा और शोध के अनुसार अभी भी प्रासंगिक नीतियों के निरंतर समायोजन की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ताइवान का समाज अधिक विविधता और मित्रता की ओर बढ़ना जारी रखे।